Workers' Compensation Board – Alberta

Worker
Fact Sheet

# व्यक्तिगत कवरेज धारकों के लिए क्षतिपूर्ति की दरों का निर्धारण

## व्यक्तिगत कवरेज क्या होता है?

व्यक्तिगत कवरेज वैकल्पिक श्रमिक क्षतिपूर्ति कवरेज होता है (अनुमोदन के अधीन)। यह उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध होता है जो श्रमिकों को नियोजित करते हैं या जो मालिक हैं, साझेदारी में भागीदार हैं, किसी निगम के निदेशक हैं, या किसी संघ, बोर्ड, प्राधिकरण, आयोग या फाउंडेशन के सदस्य हैं।

व्यक्तिगत कवरेज की न्यूनतम और अधिकतम राशि होती है जिसे खरीदा जा सकता है, और कुछ उद्योगों में गारंटीकृत कवरेज राशि या GCA होता है।

## यदि मेरे पास व्यक्तिगत कवरेज है, तो WCB मेरी क्षतिपूर्ति दर को कैसे निर्धारित करता है?

क्षतिपूर्ति की दर दुर्घटना की तारीख पर आपके व्यक्तिगत कवरेज की राशि पर निर्भर करती है।

**न्यूनतम व्यक्तिगत कवरेज**

यदि आपने न्यूनतम व्यक्तिगत कवरेज खरीदा है, तो क्षतिपूर्ति की दर उस राशि के आधार पर निर्धारित की जाती है। आपको अपनी व्यक्तिगत रोज़गार आय की पुष्टि करने वाले कर दस्तावेज़ उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

**व्यक्तिगत कवरेज गारंटीकृत कवरेज राशि (GCA) तक या उसके बराबर होता है**

यदि आपने GCA तक (या उसके बराबार) व्यक्तिगत कवरेज खरीदा है, तो क्षतिपूर्ति की दर आपकी व्यक्तिगत कवरेज राशि के आधार पर निर्धारित की जाती है। आपको अपनी व्यक्तिगत रोज़गार आय की पुष्टि करने वाले कर दस्तावेज़ उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

**व्यक्तिगत कवरेज न्यूनतम पर होता है (उद्योग के लिए कोई GCA नहीं)**

यदि आपने न्यूनतम राशि पर व्यक्तिगत कवरेज खरीदा है (लेकिन कोई GCA नहीं है), तो आपको अपने द्वारा खरीदे गए कवरेज की राशि को सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रोजगार आय का सत्यापन प्रदान करना होगा।

- आरंभ में, हम आपकी क्षतिपूर्ति दर को न्यूनतम व्यक्तिगत कवरेज राशि के आधार पर निर्धारित करेंगे, और आपको अपने दुर्घटना से पहले कर वर्ष के लिए अपने कर रिटर्न (T1 जनरल) की एक प्रति का अनुरोध करते हुए एक पत्र भेजेंगे।
- यदि आपके कर दस्तावेज आय को आपके द्वारा खरीदी गई कवरेज की राशि के बराबर (या इससे अधिक) सत्यापित करते हैं तो आपकी क्षतिपूर्ति की दर को इस तरह से समायोजित किया जाएगा कि वह आपकी व्यक्तिगत कवरेज राशि को दर्शाए।
- यदि आपके कर दस्तावेज आय को आपके द्वारा खरीदी गई कवरेज की राशि के बराबर (या इससे अधिक) सत्यापित नहीं करते हैं, तो आपकी क्षतिपूर्ति दर को आपकी सत्यापित आय या न्यूनतम व्यक्तिगत कवरेज राशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

**व्यक्तिगत कवरेज गारंटीकृत कवरेज राशि (GCA) पर होता है**

यदि आपने व्यक्तिगत कवरेज को GCA पर खरीदा है, तो आपको अपने द्वारा खरीदे गए कवरेज की राशि को सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रोजगार आय का सत्यापन प्रदान करना होगा।

- आरंभ में, हम आपकी क्षतिपूर्ति दर को GCA के आधार पर निर्धारित करेंगे, और आपको अपने दुर्घटना से पहले कर वर्ष के लिए अपने कर रिटर्न (T1 जनरल) की एक प्रति का अनुरोध करते हुए एक पत्र भेजेंगे।
- यदि आपके कर दस्तावेज आय को आपके द्वारा खरीदी गई कवरेज की राशि के बराबर (या इससे अधिक) सत्यापित करते हैं, तो आपकी क्षतिपूर्ति दर को आपकी व्यक्तिगत कवरेज राशि दर्शाने के लिए समायोजित किया जाएगा।
- यदि आपके कर दस्तावेज आय को आपके द्वारा खरीदी गई कवरेज की राशि के बराबर (या इससे अधिक) सत्यापित नहीं करते हैं, तो आपकी क्षतिपूर्ति दर को आपकी सत्यापित आय या GCA, जो भी अधिक हो, के आधार पर निर्धारित किया जाएगी।

## मुझे वेतन प्रतिस्थापन लाभ में कितना प्राप्त होगा?

यदि आप काम से संबंधित किसी चोट के कारण काम से समय गंवा रहे हैं, तो आप वेतन प्रतिस्थापन लाभ के हकदार हो सकते हैं। जब आप व्यक्तिगत कवरेज खरीदते हैं, तो खरीदी गई राशि वार्षिक सकल आय पर आधारित होती है। हालांकि, WC अधिनियम की धारा 56 हमको बताती है कि क्षतिपूर्ति को शुद्ध आय के 90% के आधार पर भुगतान किया जाना है।

## एक बार मेरी सकल आय निर्धारण करने के बाद, आप कैसे जानते हैं कि मेरी शुद्ध आय क्या है?

हर साल, हमें कनाडा राजस्व एजेंसी (CRA) से जानकारी प्राप्त होती है जो हमें समकक्ष CPP, रोजगार बीमा और आयकर राशि बताती है, जिसका उपयोग हम आपकी शुद्ध आय का निर्धारण करने के लिए करते हैं। तब हमें इन शुद्ध आयों का 90% भुगतान करते हैं।

**उदाहरण**

| सकल आय 2019 व्यक्तिगत कवरेज राशियां | शुद्ध वार्षिक आय का 90% | शुद्ध साप्ताहिक क्षतिपूर्ति दरों का 90% |
|---|---|---|
| $31,300 (2019 न्यूनतम) | $23,305.81 | $446.96 |
| $35,000 | $25,638 | $491.69 |
| $40,000 | $28,790.13 | $552.14 |
| $45,000 | $31,942.05 | $612.59 |
| $50,000 | $31,925.68 | $669.81 |

## यदि चोट के समय मेरी दूसरी नौकरी है तो क्या होगा?

यदि आप घायल होते समय पर दूसरी नौकरी करते थे, और आपकी चोट आपको अपनी दूसरी नौकरी करने से रोकती है, तो हम आपकी क्षतिपूर्ति दर निर्धारित करते समय उन आयों पर भी विचार कर सकते हैं। हम इसे आपकी समवर्ती दर कहते हैं।

## आपकी व्यक्तिगत कवरेज के बारे में प्रश्न?

यदि आपके अपने व्यक्तिगत कवरेज के बारे में कोई प्रश्न हैं तो इस लिंक को देखें https://www.wcb.ab.ca/about-wcb/contact-us.html

## मुझे अधिक जानकारी चाहिए, मेरे संसाधन क्या हैं?

श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 15(1)

श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 56

WCB नीति नियमावली से सामान्य विनियमों से परिशिष्ट E

WCB नीति नियमावली से परिशिष्ट F

WCB नीति 04-01 भाग I – शुद्ध आयों का निर्धारण

WCB नीति 04-01 भाग II - अध्याय 4 (लाभ) विषय A1 (सामान्य)

WCB नीति 04-01 भाग II - अध्याय 4 (लाभ) विषय A2 (विशेष परिस्थितियां)

WCB नीति 06-02 भाग I - श्रमिकों एवं नियोक्ताओं के लिए बीमा कवरेज

WCB नीति 06-02 भाग II - श्रमिकों एवं नियोक्ताओं के लिए बीमा कवरेज

**व्यक्तिगत कवरेज तथ्य पत्रक:**

https://www.wcb.ab.ca/assets/pdfs/employers/EFS_Personal_Coverage.pdf

https://www.wcb.ab.ca/assets/pdfs/employers/EFS_Guaranteed_coverage.pdf

शुद्ध आय का 90% तथ्य-पत्रक